# रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय में टीकाकरण

आज दिनांक 20/12/2021 को रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय, राँची में कोविड-19 टीकाकरण कैंप लगाया गया है। प्रभारी प्राचार्य के सहयोग से महाविद्यालय की NSS इकाई एवं जिला प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य कार्यालय (RC के संयुक्त तत्वावधान में यह शिविर लगाया गया है। यह शिविर 20/12/2021 से 22/12/2021 तक महाविद्यालय में रहेगा। महाविद्यालय में इस शिविर का उद्देश्य छात्रों के बीच टीकाकरण को बढ़ावा देना एवं सभी को जागरूक करना है। महाविद्यालय के टीकाकरण केन्द्र में कोविशील्ड एवं कोवैक्सीन दोनों वैक्सीन उपलब्ध है। प्रथम एवं दोनों डोज दिया जा रहा है। इच्छुक सभी लोग आमंत्रित हैं।

Neetu Kumari
NSS P.O. Unit II

20/12/21

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती 'पराक्रम दिवस' का आयोजन

आज 23/1/2021 को राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में NSS की ओर से 'पराक्रम दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में NSS पदाधिकारी नीतू कुमारी, महाविद्यालय के NSS के स्वयं सेवक - स्वयं सेविकाएँ, कर्मचारी एवं शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम पदाधिकारी ने नेताजी को याद करते हुए कहा कि हम महापुरुषों के जीवन से अपने चरित्र का निर्माण करते हैं। अतः इन्हें याद करें एवं इनके जीवन चरित्र को अपने जीवन का आदर्श बनाएँ। डॉ. निखिल राज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में नेताजी के उच्च विचारों को शामिल करना चाहिए। छात्रों ने भी अपने विचार प्रकट किये।

कार्यक्रम में श्री विक्रांत कुमार, श्री वाल्मीकी, श्री गोपाल यादव, श्री दीपक कुमार, श्री पीयुष कुमार, उदय कुमार आदि शामिल थे।

NSS P.O. I
Neetu Kumari
RLSY College
Ranchi

# राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह, 2021

आज दिनांक 12 जनवरी, 2021 को 'राष्ट्रीय युवा दिव
के अवसर पर राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में NSS
के द्वारा एक ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया
गया। जिसमें प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार मुख्य अतिथि
के रूप में सम्मिलित हुए। डॉ. संजय चक्रवर्ती, पूर्व विभाग
कॉमर्स संकाय, राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय, विशिष्ट
अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वामी
विवेकानन्द के जीवन-दर्शन तथा उसकी सामयिक उपयोगि
पर परिचर्चा हुई। सभी शिक्षकों ने अपनी-अपनी राय रख
डॉ. मृदुला प्रसाद ने कहा कि इस कोरोना काल में युवाओं
ने जिस सामाजिक चेतना एवं सेवा भाव को दर्शाया
है, वह हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और हमें
अपने संस्कारों के माध्यम से ही समाज सेवा एवं
मानव सेवा का गुण मिला। NSS में विद्यार्थी इन्हीं
गुणों एवं संस्कारों को और विकसित कर समाज की
भलाई के लिए कटिबद्ध हो जाते हैं। डॉ. संजय चक्र
ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेक
कहा करते थे कि जीव मात्र की सेवा ही ईश्वर की
पूजा है। इस कोविड-19 की वैश्विक महामारी ने य
दिखा दिया है कि यदि हम आज भी मानवता की सेवा
हेतु छोटा-सा भी सहयोग करते हैं तो वह ही हमें
ईश्वरत्व की ओर ले जाता है। प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार
ने छात्रों को अपने आशीर्वचनों में कहा कि जिस प्र
महाविद्यालय के NSS के कार्यकर्ताओं ने लॉक डाउन के
दौरान समाज सेवा का कार्य किया एवं लोगों के बीच
जागरूकता फैलाने का काम किया है, इससे उनके चरित्र क
निर्माण हुआ जो भविष्य में उन्हें प्रेरित करता रहेगा स
के प्रति अपना कर्तव्य निभाने के लिए। उन्होंने यह भी क
कि समाज सेवा के लिए किसी विशेष संस्था या संगठ
का होना आवश्यक नहीं है, यह तो हमारे संस्कारों ह

विचारों से हमारे अन्दर विकसित होने वाला गुण है। इस वैश्विक महामारी के काल में हमने डॉक्टरों, पुलिस कर्मियों, मिडिया कर्मियों, अभिनेताओं एवं सामान्य जन साधारण के भी समाज सेवा, मानवता की सेवा भावना देखी है। जिससे यह साबित होता है कि यह गुण हम सबमें है, जो हमें हमारी माता-पिता एवं गुरुजनों से प्राप्त संस्कारों से ही विकसित एवं ~~...~~ पल्लवित हुआ। आगे भी हम शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि हम अपने विद्यार्थियों को इस प्रकार की सेवा-भावना के लिए प्रेरित करते रहें।

कार्यक्रम में ~~...~~ एन एस एस पदाधिकारी सह परीक्षा नियंत्रक डॉ खालिक अहमद, डॉ ममता किरण टोप्पो, डॉ. नीता लाल, डॉ. नैंसी तिर्की, डॉ कुमारी सीता, आदि शिक्षक उपस्थित थे। NSS के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं भी उपस्थित थीं। छात्रों में रवि अग्रवाल, ~~...~~ पप्पू कुमार, रोहित कुमारी, नेहा कुमारी, शीला डुंगडुंग आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन NSS पदाधिकारी नीतू कुमारी ने किया।

Neetu Kumari
NSS P.O. II
RLSY College
Ranchi

कार्यालय–प्रधानाचार्य

# राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय

[राँची विश्वविद्यालय की एक अंगीभूत इकाई]

कोकर,झारखण्ड–राँची

ESTD. 1972

**RAM LAKHAN SINGH YADAV COLLEGE**

[A Constituent unit of Ranchi University]

KOKAR, RANCHI, JHARKHAND – 834001

Ph./Fax: 0651-2543439
Web: www.rlsycollege.com
e-mail: rlsycollegeranchi@gmail.com


Ref:..........................

Date:- [redacted]

## राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2020

आज 31 अक्टूबर 2020 को राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में NSS ईकाई की ओर से 'राष्ट्रीय एकता दिवस' सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर एक शपथ कार्यक्रम का आयोजन 1 बजे किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय में एंव Online Meeting पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ0 मनोज कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्र की एकता को बनाए रखने के लिए सरदार बल्लभ भाई बटेल के विचारों को व्यक्त किया। उन्होनें कहा कि जिस प्रकार सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा एंव दृढ़ता से परिस्थितियों का सामना किया एंव किसी भी परिस्थिति में उन्होनें राष्ट्र की एकता एंव अखंडता से समझौता नहीं किया। इसी कारण उन्हें लौह पुरूष की संज्ञा दी गई। हमें भी उनकी ही भांति राष्ट्र की एकता एंव अखंडता को बनाए रखने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ होना होगा। NSS पदाधिकारी डॉ0 खालिक अहमद ने कहा कि आज की परिस्थिति में जब विश्व वैश्विक महामारी कोविड 19 से गुजर रहा है और हमारा देश एंव विश्व के कई देश युद्ध की आशंकाओं से घिरे हुए है, सरदार पटेल एवं उनके विचारों की प्रांसगिता बढ़ जाती है। आज हम उन्हें याद करें एंव शपथ ले कि राष्ट्र की एकता एंव अखंडता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगें। साथ ही भाईचारे, आपसी सौहार्द्र को बढ़ाने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ0 मनोज कुमार, NSS पदाधिकारी डॉ0 खालिक अहमद एंव नीतु कुमारी, डॉ0 स्मिता किरण टोप्पो, डॉ0 पारूल, डॉ0 मनीष, डॉ0 छाया रानी, आदि उपस्थित थे। NSS स्वयंसेवकों ने भी इसमें बढ़ – चढ़ कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय परिसर में उपस्थित कर्मचारियों में विक्रंत कुमार, पीयुष, संतोष, कृष्णा, दीपक कुमार, सिद्धि सिंह आदि उपस्थित हुए।

31/10/2020

NSS P.O II
Neetu
31/10/2020